अमर उजाला 31/01/2025

पुण्य तिथि पर गांधीजी को किया याद

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि पर के अवसर पर गांधी अध्ययन केंद्र एवं इतिहास विभाग की ओर से दो मिनट का मौन रखा गया एवं प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिख सीनियर सेकेंडरी स्कूल अंबाला कैंट के छात्र एवं छात्राओं के साथ-साथ वहां के प्राध्यापकों ने भी गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी भारत के ही नहीं बल्कि दुनिया के इतिहास में एक ऐसी शख्सियत है, जिन्होंने बिना किसी हिंसा के भारत को न केवल आजादी दिलवाई, बल्कि साथ ही साथ भारत को एक नए राष्ट्र के रूप में खड़ा किया। संवाद